Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to take steps to clean Krishna, Kali and Hindon Rivers in Western Uttar Pradesh.

डॉ. सत्यपाल सिंह (बागपत): अध्यक्ष जी, आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं ।

महोदय, मैं आपके सामने जो समस्या रख रहा हूं, यह केवलमात्र मेरे लोक सभा क्षेत्र बागपत की समस्या नहीं है अपितु पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सात जिले, 154 गांव और लाखों लोगों और पशुओं की समस्या है । हमारे यहां तीन नदियां कृष्णा, काली और हिण्डन हैं । इन नदियों में इतना ज्यादा प्रदूषण बढ़ गया है कि सैकड़ों लोग कैंसर से मर चुके हैं । नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश के बावजूद भी, तीन आदेश हो चुके हैं और लास्ट आदेश अभी 21 अक्टूबर, 2019 को हुआ था । उसमें यह कहा गया है कि इन गांवों में जितने भी हेण्डपम्प लगे हैं, उन सभी को उखाड़ा जाए और पानी की पर्याय व्यवस्था की जाए । बहुत सी जगहों से हेण्डपम्प उखाड़ दिए गए हैं, लेकिन पानी की पर्याय व्यवस्था नहीं हो रही है और लोग मर रहे हैं । मैं आपके माध्यम से जल शक्ति मंत्रालय से निवेदन करूंगा कि जल्दी से जल्दी इन तीनों नदियों में प्रदूषण को दूर किया जाए । 124 इंडस्ट्रीज़ जो प्रदूषण फैला रही हैं और नोटिस होने के बाद भी इन इंडस्ट्रीज़ को बंद नहीं किया जा रहा है, इन इंडस्ट्रीज़ को बंद किया जाए और इस पर काम किया जाए ।

माननीय अध्यक्ष : श्रीमती रेखा वर्मा को डॉ. सत्यपाल सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।